an>

Title:Need to set up special courts for early disposal of corruption related cases.

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा) : उपाध्यक्ष महोदय, देश में राजनैतिक नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा रिश्वत लेना, किसी संस्था की मदद करना या सरकारी धन का अपने हित में दुरुपयोग करने के कारण एक नकारात्मक धारणा लोगों के मन में बन रही है। ऐसे मामलों में कई बार तो अदालतों में मुकदमे दर्ज किए जाते हैं और अपराधी न्यायालयों में पेश भी होते हैं। उनमें से कई दोÂ◌ा◌ाळ भी पाए गए हैं, लेकिन यह प्रक्रिया इतनी धीमी गत से चलती है कि देश की जनता यह महसूस करने लगती है कि राजनैतिक नेता और कार्यकर्ता अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके इस राजनैतिक भ्रÂ टाचार को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। जनता यह मानती है कि राजनैतिक लोग इस अपराध को दबाने के लिए प्रभावशाली हैं।...(व्यवधान)

मैं आपको बताना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश में खाली मेरे जिले में जब उमा भारती जी पहली बार मुख्य मंत्री बनीं, उनसे पहले जो **...** की सरकार थी, तो शिक्षाकर्मियों के घोटाले में मेरे ही जिले में 60 लोग दोÂ◌ा◌ाळ पाए गए थे। लेकिन वह केस न्यायालय में पांच-सात साल से लम्बित हैं। मध्य प्रदेश में 1,000 से ज्यादा राजनैतिक नेताओं को सजा हो चुकी है। शिक्षाकर्मियों के घोटाले के मामले में वे सारे के सारे लोग आज बाहर घूम रहे हैं। ...(व्यवधान) जनता यह मान रही है कि **...** लोग अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके ये जेल जाने से बच जाएंगे। पूरे देश में यह धारणा जा रही है, चाहे वह किसी भी प्रदेश में किसी भी मामले में हो। ...(व्यवधान) मेरा आपके माध्यम से देश के विधि मंत्री जी से निवेदन है कि राजनैतिक नेता, कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के रिश्वत लेने के मामलों की जांच के लिए विशेÂ◌ा न्यायालयों का गठन किया जाए। इन मामलों की सुनवाई इन विशेÂ◌ा न्यायालयों और पीठ में की जाए।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का समय दिया, लेकिन मैं अपनी पूरी बात इस व्यवधान के कारण नहीं कह पा रहा हूं। ... □ आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

HON. DEPUTY SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Janardan Mishra.

â€¦(व्यवधान)